PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Pati Patni Aur Woh
Year: 1978

Song: Thande Thande Paani Se
Lyricist: Anand Bakshi

हो हो हो ओ ...
ठंडे ठंडे पानी से
नहाना चाहिए
हो हो हो ओ ...
ठंडे ठंडे पानी से
नहाना चाहिए

गाना आए या ना आए
गाना चाहिए
हाँ
गाना आए या ना आए
गाना चाहिए
हो पुतरा
ठंडे ठंडे पानी से
नहाना चाहिए
गाना आए या ना आए
गाना चाहिए
अरे गाना आए या ना आए
गाना चाहिए

बेटा बजाओ ताली
गाते हैं हम क़व्वाली
बजने दो एक तारा
छोड़ो ज़रा फ़व्वारा
ये बालटी उठाओ
ढोलक इसे बनाओ

बैठे हो क्या ये लेकर
ये घर है या है थिएटर
पिक्चर नहीं है जाना
बाहर नहीं है आना

आ

मम्मी को भी अन्दर
बुलाना चाहिए
तेरी
मम्मी को भी अन्दर
बुलाना चाहिए

गाना आए या ना आए
गाना चाहिए
धुत
अरे गाना आए या ना आए
गाना चाहिए

तुम मेरी हथकड़ी हो
तुम दूर क्यों खड़ी हो
तुम भी ज़रा नहा लो
दो चार गीत गा लो
दामन हो क्यों बचाती
अरे दुःख सुख के
हम हैं साथी

छोड़ो हटो अनाड़ी
मेरी भिगो दी साड़ी
तुम कैसे बेशरम हो
बच्चों से कोई कम हो

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.

PlanetRead

Literacy for a Billion

मम्मी को तो लड़ने का
बहाना चाहिए
चुप बे शैतान
मम्मी को तो लड़ने का
बहाना चाहिए

गाना आए या ना आए
गाना चाहिए
हाँ
गाना आए या ना आए
गाना चाहिए

लम्बी ये तान छोड़ो
तौबा है जान छोड़ो
ये गीत है अधूरा
करते हैं काम पूरा

अब शोर मत करो जी
सुनते हैं सब पड़ोसी

हे
कह दो पड़ोसियों से
क्या
झाँकें ना खिड़कियों से

दरवाज़ा खटखटाया
लगता है कोई आया

अरे
कह दो के आ रहें हैं
साहब नहा रहें हैं

ओ हो
मम्मी को तो डैडी से
छुड़ाना चाहिए
अब तो
मम्मी को डैडी से
छुड़ाना चाहिए

गाना आए या ना आए
गाना चाहिए
अरे गाना आए या ना आए
गाना चाहिए

पुतरा
ठंडे ठंडे पानी से
नहाना चाहिए
ओ
ठंडे ठंडे पानी से
नहाना चाहिए

गाना आए या ना आए
गाना चाहिए
अरे गाना आए या ना आए
गाना चाहिए

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.